प्रकरण संख्या 154/2017 माणकलाल बनाम राजेन्द्र व अन्य

तारीख हुक्म	हुक्म पर कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
08.08.2018	वकील उभयपक्ष उपस्थित। प्रकरण में हमारे द्वारा सुनी गयी बहस व पेश शुदा दस्तावेजात पर मनन करने के बाद हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि प्रकरण अधिनस्थ न्यायालय में प्रतिवादी/रेस्पोन्डेन्ट की तलबी में चल रहा था तथा निर्धारित तिथि दिनांक 20.07.2017 तय थी। उक्त तिथि से पृथक जाकर दिनांक 05.07.2017 को प्रकरण लोक अदालत में रखा जाकर पटवारी की एकतरफा मौका रिपोर्ट एवं मौके पर नगर विकास प्रन्यास की सड़क बनी होने के आधार पर वादी/अपीलान्ट का वाद खारिज कर दिया है, जबकि प्रकरण में उभयपक्षों को सुनवाई का अवसर देकर विधिक निर्णय पारित किया जाना चाहिए था। अतएवं अपील अपीलान्ट स्वीकार की जाकर अधिनस्थ न्यायालय का निर्णय व डिक्री दिनांक 05.07.2017 अपास्त की जाती है तथा प्रकरण अधिनस्थ न्यायालय को इन निर्देशों के साथ प्रतिप्रेषित किया जाता है कि प्रकरण में उभयपक्षों को सुनवाई का अवसर देकर विधिक निर्णय पारित करें। पक्षकारान अधिनस्थ न्यायालय में अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु दिनांक 08.10.2018 को उपस्थित रहें। पत्रावली बाद पूर्ण प्रविष्टि नंबर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो। अधिनस्थ न्यायालय की पत्रावली लौटाई जावे। निर्णय आज दिनांक 08.08.2018 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। (एल.एन. मंत्री) भू–प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी उदयपुर	